>

Title: Need to lift ban on visit of Pakistani Hindus, Sikhs and Sindhis in certain parts of Gujarat and Rajasthan and also provide Indian citizenship to people already living in Gujarat on long term visa.

श्री जगदीश ठाकोर (पाटन): गुजरात और राजस्थान का बड़ा भाग पाकिस्तान सीमा से जुड़ा है। मेरा निर्वाचन क्षेत्र पाटन भी सीमांत क्षेत्र से जुड़ा है। सीमांत क्षेत्र के लोगों की रिश्तेदारियां पाकिस्तान के सीमांत क्षेत्र के लोगों से है।

गुजरात के कच्छ, पाटन, बनासकांठा तथा राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर में लाँग टर्म वीजा पर हिन्दू, सिख, सिंधियों, ठाकोर, दलित के आने पर प्रतिबंध है, इसे हटाया जाए।

गुजरात के अन्य जिलों में पाकिस्तान से आए लोग लाँग टर्म वीजा पर रह रहे हैं। उनकी स्थिति दयनीय है तथा स्थानीय पुलिस द्वारा भी इनको परेशान किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, गुजरात सरकार के माध्यम से इन लोगों ने गृह मंत्रालय में गत कई वर्षों से भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन किए हैं किंतु कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं हुई। बहुत खेद का विषय है।

मेरा माननीय गृह मंत्री जी से विनम्र अनुरोध है कि इस विषय पर विशेष ध्यान देकर शीघ्र कार्यवाही करें।